सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को किया सम्मानित

-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। श्री नारायण सेवा समिति चंदौसी के तत्वावधान में संपन्न हुई 'सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता' के 'परिणाम की घोषणा, पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह' रविवार को आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण तथा पुष्पार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। हरीश कठेरिया द्वारा सरस्वती वंदना एवं समिति की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात् मंचासीन अतिथियों का परिचय एवं उनका स्वागत अभिनंदन माला एवं पटके पहना कर किया गया। मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए सचिन शर्मा एडo ने कहा कि बच्चे ही हमारी धरोहर हैं, उनके सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी चाहिए। डाo जयशंकर दुबे ने काव्य पाठ एवं शताक्षी वार्ष्णेय ने नृत्य से खूब वाहवाही लूटी। तत्पश्चात प्रतियोगिता के चारों वर्गों का परिणाम घोषित किया गया। प्रथम वर्ग की कक्षा चार व पांच में ए.एम. वर्ल्ड स्कूल की दीक्षा सैनी प्रथम, सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल की प्रियांशी द्वितीय तथा ए.एम. वर्ल्ड की ही आन्या गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। द्वितीय वर्ग की कक्षा 06, 07 व 08 में चंदौसी पब्लिक स्कूल की दिव्यांशी सैनी ने प्रथम, ए.एम. वर्ल्ड के मधुर सक्सेना ने द्वितीय एवं राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर की सृष्टि पाठक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय वर्ग की कक्षा 09 व 10 में चंदौसी इंटर कॉलेज के दक्ष प्रकाश प्रथम, श्रीसनातन धर्म इंटर कॉलेज की शिवानी द्वितीय व आस्था तृतीय स्थान पर रहीं। चतुर्थ वर्ग की कक्षा 11 व 12 में नितिन कुमार सिंह ने प्रथम, जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर के ईशान वार्ष्णेय ने द्वितीय तथा राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर के उत्कर्ष मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही उक्त चारों वर्गों में 07-07 सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में सहयोग करने वाले कक्ष निरीक्षक, विद्यालयों में संकलनकर्ता परीक्षक, केंद्र प्रभारी, केंद्र पर्यवेक्षक तथा अन्य सहयोगियों का भी सम्मान किया गया। पुरस्कारों में प्रशस्ति पत्र, शील्ड, मेडल व पेंसिल किट दी गईं। पुरस्कार वितरण मंचासीन अतिथियों संतोष जैन, सचिन शर्मा एड., रामसेवक शर्मा, सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ, के.जी. गुप्ता एवं समिति के पदाधिकारियों के कर कमलों द्वारा किया गया। इस दौरान संतोष जैन, डाo जयशंकर दुबे, हरीश कठैरिया, विपिन कुमार गुप्ता, नरेशपाल यादव, सूर्यजीत सिंह, नितेश उपाध्याय, ज्योति वार्ष्णेय, अमिता सक्सेना, शांति राणा, सर्वेश चौनी, महेंद्रपाल सिंह, मुनीश कुमार, चमन प्रजापति, ओमवीर सिंह चैहान, कपिल, सचिन गुप्ता, अखिलेश दुबे, अवधेश पाठक, मुनीश कुमार, परमानंद सैनी, यशपाल, नीतू सिंह, चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

मार्च 2024 तक तैयार हो जायेगा चन्दौसी का अमृत सरोवर

-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। नगरपालिका परिषद् चन्दौसी पिछले दो वर्ष से अमृत सरोवर तैयार करा रही है पर अमृत सरोवर बनाने का काम धीमी गति से चल रहा है। हालांकि कमिश्नरी के अंतर्गत कई नगरपालिका क्षेत्रों में अमृत सरोवर का कार्य चल रहा है। इधर नगरपालिका चन्दैसी में भी अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है परंतु इस सरोवर का निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है। फिलहाल अमृत सरोवर की तैयारी प्रत्येक नगरपालिका में होनी है। अधिशासी अधिकारी आर0के0 भार्गव ने बताया कि चन्दौसी में अमृत सरोवर का निर्माण पिछले दो वर्ष से पूर्व पालिकाध्यक्षा इंदुरानी द्वारा शुरु किया गया था लेकिन कार्यगति धीमी होने के कारण अब तक निर्माण नहीं हो पाया जबकि कई नगरपालिकाओं में अमृत सरोवर तैयार हो चुके हैं। लखनऊ, रामपुर आदि शहरों में अमृत सरोवर शोभा बढ़ा रहे हैं। फिलहाल चन्दौसी में भी बहेड़े वाले ताल पर मार्च 2024 तक अमृत सरोवर के पूर्ण होने की संभवना है।

द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा समापन समारोह हुआ संपन्न

लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया

-आज समाचार सेवा-

बदायूं। जनपद में 15.12.2023 से 31.12.2023 तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया, जिसमे 31.12.2023 को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन समारोह अमरीष कुमार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वारा जिलाधिकार मनोज कुमार की अध्यक्षता में परिवहन कार्यालय के परिसर में आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि नगर विधायक मा0 महेश चंद गुप्ता जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पी डब्लू डी से मनीष कुमार अधिशासी अभियंता, राम वचन, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन, रमेश चंद प्रजापति, यात्रीकार अधिकारी, अब्दुल सत्तार, कमलेश कुमार मिश्र यातायात निरीक्षक तथा बस/ट्रक/ऑटो/टेंपो/ई रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों, चालक तथा आम जन सामान्य उपस्थित रहे। अंबरीश कुमार ए आर टी ओ ई द्वारा 15.12.2023 से निर्धारित प्रतिदिन चलाए गए जागरूक अभियान तथा कार्यवाही के संबंध में जिलाधिकारी एवं मा0 नगर विधायक को अवगत कराया गया तथा उपस्थित लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। जनपद की दुपहिया वाहन एजेंसियों हीरो, होंडा, टी वी एस, बजाज, रॉयल एनफील्ड के माध्यम से प्राप्त निःशुल्क हेलमेट का लक्की ड्रा द्वारा वितरण किया गया।

पीएम मोदी के 'मन की बात' को सुना

-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम प्रसारण देखा गया। भाजपा जिला प्रभारी हेमन्त राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों उत्साहवर्धन करने पर जोर दिया। सभी को आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता है। देश की सास्कृतिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि से विश्व मे अलग पहचान बन रही है। समाज का हर वर्ग पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ ले रहा है। उनका मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास चरितार्थ हो रहा है। जिला महामंत्री धीरेंद्र यादव ने कहा कि शक्तिकेन्द्र गणेश कॉलोनी के सभी सात बूथों पर मन की बात का प्रसारण देखा गया। सभी प्रधानमंत्री को तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देखना चाहते हैं। पार्टी की मुख्य कड़ी बूथ स्तर का कार्यकर्ता होता है। इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक डाo टी.एस. पाल, नगराध्यक्ष गिरीश रतन, कुशांक यादव, महामंत्री मनोज दिवाकर, बूथ अध्यक्ष आकाश शर्मा, रोशन लाल दिवाकर, पीयूष यादव, सुभाष यादव, प्रदीप वार्ष्णेय, मुनीश वार्ष्णेय, कुशांक यादव, राहुल यादव, सभासद लोकेश मौर्य, वीरेंद्र कुमार, अभिषेक जोशी, प्रदीप मौर्य, अमित जोशी, हिमांशु, अमित मौर्य, इमरान आदि उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान संचालित योजनाओं की दी जानकारी

-आज समाचार सेवा-

चिचेटा- विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम चिचेटा में भारत सरकार एवम राज्य द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों को दी व संबंधित लाभार्थियों को प्रमाणपत्र ,गर्भवती महिलाओं की गोद भराई आदि कार्य क्रमों को संचालित कराया इस मौके पर निवृत चेयरमैन अरविंद शर्मा,अनुपम पाठक चेयर पर्सन मुड़िया,मोनिका सक्सेना ,ग्रामप्रधान चिचेता,बगीषपाठक पाठक,विपिन शर्मा, समस्त लाभार्थी व चिचेटा के समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

विकसित संकल्प यात्रा आयोजित

-आज समाचार सेवा-

फतेहपुर- भारत विकसित संकल्प यात्रा ग्राम गंगा बस एवं दूसरी यात्रा ग्राम फतेहपुर में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि कुमोद वार्ष्णेय एवं जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा शिखर गोयल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बबराला एवं रेलवे सलाहकार सदस्य बोर्ड विनय कुमार वार्ष्णेय एडवोकेट एवंयात्रा के कार्यक्रम संयोजक सावरेन जाटव एवं जिला मंत्री मनोज यादव एवं सभी विभागों के कर्मचारी द्वारा विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई अंत में मोदी योगी की योजना के बारे में सभी को जानकारी दी गई सैकड़ो की संख्या में इस यात्रा में आकर योजनाओं का लाभ उठाया अंत में मंडल अध्यक्ष बबराला द्वारा सभी का अवर व्यक्त किया गया

नयें साल के जश्न में सुरक्षा को लेकर सड़कों पर उतरें एसपी

हापुड़- नयें साल की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन नें जनपद में सुरक्षा के कडें बदोस्त कियें गयें थें। जनपद की हाईवें सें लेकर शहरों के प्रमुख चौहरों पर पुलिस एवं यातायात पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के आगें हुडदंगियों की एक ना चली। शराब पीकर वाहन चलानें वालों के खिलाफ भी यातायात पुलिस का विशेष अभियान रहा। पुलिस अधीक्षक नें सड़कों पर उतर कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नयें साल के जश्न को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कडें बदोस्त कियें गयें थें। नयें साल के जश्न को लेकर पुलिस द्वारा शहर की प्रमुख सड़कों तथा चौराहों पर पुलिस बल का कड़ा पहरा रहा। पुलिस नें शहर के प्रमुख चौराहों, मेरठ तिराहा, तहसील चौपला, अतरपुरा चौपला, तथा नगर की पॉश रोड़ रेलवें रोड़ पर कड़ा चैकिंग अभियान चलातें हुए असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनायी रखी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा नें नयें साल के जश्न को लेकर स्वयं शहर की सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेतें हुए पुलिस कर्मीयों को सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दियें। वही यातायात पुलिस द्वारा नयें साल पर शराब पीकर वाहन चलानें वालें वाहन चालकों के खिलाफ भी संघन चैकिंग अभियान चलातें हुए ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम सें वाहन चालकों की जांच करतें हुए कडी कार्यवाही की गयी। देर रात तक चलें पुलिस के इस महाअभियान के चलतें पुलिस नें करीब दर्जन भर सें अधिक लोगों को हवालात में पहुंचानें का काम किया। पुलिस नें नयें साल के जश्न में असमाजिक तत्वों पर अपनी पैनी नजर बनायी रखी।

नयें साल के स्वागत में डूबा शहर युवाओं नें जमकर किया डांस



-आज समाचार सेवा-

हापुड़- जानें वालें साल को सलाम, आनें वालें साल को सलाम पुरानें की कुछ खटटी, व कुछ मिठठी यादों के साथ विदा करनें तथा नयें साल के स्वागत करनें के लियें शहर में जमकर जश्न का माहौल रहा। होटलों, पार्कों तथा अनेक स्थानों पर नये साल का जमकर जश्न मनाया गया। देर रात युवाओं नें डीजें पर जमकर डांस करतें हुए नयें साल का जमकर स्वागत किया। पुरानें साल को विदा करतें हुए तथा नयें साल के स्वागत के लियें जनपद भर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के होटलों, रेस्टोरेंटों, धर्मशालाओं, पार्कों आदि स्थानों पर नयें साल के स्वागत के लियें अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नयें साल के स्वागत में युवाओं नें डीजें के गानों पर जमकर डांस करतें हुए नयें साल का जमकर स्वागत किया गया। रात बारह बजें ही युवाओं नें नयें साल के स्वागत में जमकर आतिशबाजी करकें तथा केक काटकर जमकर जश्न मनाया। देर रात तक चलें नयें साल के स्वागत में युवा झूमतें हुए नजर आयें। होटलों, रेस्टोरेंटों में भी देर रात तक पार्टीयों का दौर जारी रहा। बwचें बूढें और नौजवानों नें जमकर नयें साल का अपनें अलग ही अंदाज में स्वागत किया। रात बाहर बजें ही सभी लोगों नें एक दूसरें को नयें साल की शुभकामनाऐं दी। नयें साल का जश्न युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा था। युवाओं नें अपनें अलग ही जोशीलें अंदाज में नयें साल का स्वागत किया।

चन्दौसी प्रीमियर लीग का हुआ शुभारम्भ

-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। रविवार को चन्दौसी प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय द्वारा किया गया। लीग का प्रथम मैच जीएससीसी और जीसीसी के बीच खेला गया। मैच का टॉस जीएससीसी ने जीता और गेंदबाजी का फैसला किया। टॉस हारकर बलेबाजी करने उतरी जीसीसी 20 ओवर में 08 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाये। जीसीसी की ओर से चन्द्रगुप्त मौर्य ने 47 रन और सुधांशु सक्सेना ने 26 का योगदान दिया। जीएससीसी की ओर से हर्ष राणा, मोहित पंजाबी और अंकित कुमार ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जीएससीसी ने 15.3 ओवर में 03 विकेट खोकर हासिल कर लिया। जीएससीसी की ओर से हर्ष राणा ने 71 रन, मयंक राघव ने 37 रन बनाये। जीसीसी की ओर से प्रवीण कुमार ने 02 विकेट लिये। जीएससीसी ने 07 विकेट से मैच जीत लिया। आज के मैन ऑफ द मैच कुश कुमार रावत ने हर्ष राणा को दिया गया। मैच के अंपायर अनिल कपूर और कुश रावत रहे। स्कोरिंग माधव मिश्रा ने की। सोमवार को दूसरा मैच इलेवन स्टार और सीपी सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा।

साहिबजादों की शहादत को किया याद

-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा चन्दौसी में दीवान सजाया गया तथा गुरु गोविन्द सिंह के चार साहिबजादों की शहादत को याद किया गया। बता दें कि पंजाब से आये रागी जत्था इंद्रजीत सिह ने चार साहिबजादों का इतिहास सुनाया। कार्यक्रम के पश्चात् लंगर कराया गया। इस दौरान हरमीत सिंह, रविन्द्र सिंह, गोपाल सिंह, गुरुबक्श सिंह, सनी राजपाल, जसपाल सिंह, महेन्द्रसिंह, अर्जन सिंह आदि का सहयोग रहा।

ICICI Home Finance | **कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ICICI HFC टॉवर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400059, भारत

शाखा कार्यालय: दुकान नंबर 9, ग्राउंड फ्लोर, GKS पैलेस, अयूब खान- चौपला रोड 63-64, सिविल लाईंस, बरेली-243001
शाखा कार्यालय: 307/1, पहली मंज़िल, बिश्नोई टावर, मंगल पांडे नगर, एपेक्स टावर के सामने, मेरठ-250004

[नियम 8(6) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है। इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका **प्रतीकात्मक कब्ज़ा** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", और "जो कुछ भी है" बेचा जाएगा;

क्र. स.	उधारकर्ता का नाम/ सह-उधारकर्ता/गारंटर/ कानूनी उत्तराधिकारी /ऋण खाता संख्या	ज्ञात ऋणभार यदि कोई हो, सहित सुरक्षित संपत्ति(ओं) का विवरण	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना राशि	संपत्ति निरीक्षण की तारीख और समय	नीलामी की तारीख और समय
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)
1.	शशि (उधारकर्ता) लल्ला बाबू (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHBAR00001345975 और LHBAR00001346018	329 खसरा नंबर 329 दोहरा जिला बरेली ऊपर 1 बरेली-243001	Rs. 16,81,578/- December 15, 2023	Rs. 12,38,520/- / Rs. 1,23,860/-	January 08, 2024 11:00 AM- 03:00 PM	January 19, 2024 02:00 PM- 03:00 PM
2.	रवीन्द्र कुमार (उधारकर्ता) बबीता (सह-उधारकर्ता)ऋण खाता संख्या LHMRT00001297495 और LHMRT00001297493	खसरा नंबर 900 ग्राम अब्दुल्लापुर मेरठ उत्तर प्रदेश-250002	Rs. 16,68,236/- December 15, 2023	Rs. 9,65,269/- / Rs. 96,530/-	January 08, 2024 11:00 AM- 03:00 PM	January 19, 2024 02:00 PM- 03:00 PM
3.	गीता देवी (उधारकर्ता) सौरभ सैनी (गारंटर) ऋण खाता संख्या LHBAR00001320020	मिन बांके दोहरा खसरा नंबर 299 बरेली-243001 उत्तर प्रदेश- 243001	Rs. 26,95,732/- December 15, 2023	Rs. 15,61,194/- / Rs. 1,56,120/-	January 08, 2024 11:00 AM- 03:00 PM	January 19, 2024 02:00 PM- 03:00 PM

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **Globe Tech** की वेबसाइट **(URL लिंक- https://BestAuctionDeal.com)** पर आयोजित की जाएगी। बंधककर्ताओं को **18 जनवरी 2024** को शाम **05:00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया का भुगतान करने का आखिरी मौका दिया जाता है, अन्यथा ये सुरक्षित संपत्ति उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार बेची जाएंगी।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, दुकान नंबर 9, ग्राउंड फ्लोर, GKS पैलेस, अयूब खान- चौपला रोड 63-64, सिविल लाईंस, बरेली-243001** में बयाना राशि (EMD) RTGS/ डिमांड ड्राफ्ट (DD) (कॉलम E देखें) **18 जनवरी 2024** को शाम **04:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, दुकान नंबर 9, ग्राउंड फ्लोर, GKS पैलेस, अयूब खान- चौपला रोड 63-64, सिविल लाईंस, बरेली-243001** पर **18 जनवरी 2024** शाम **05:00 बजे** तक या से पहले जमा करनी होगी। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड- नीलामी**" के पक्ष में **बरेली, मेरठ** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदाएं जमा करने के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** से **9920807300** पर या हमारे सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर **NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई और कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **https://www.icicihfc.com/** पर जाएं।

दिनांक : 01 जनवरी 2024
स्थान : बरेली, मेरठ

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड